ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)-८४८ १२५

बुलेटिन संख्या-४६
दिनांक-मंगलवार,१४ जून,२०१६

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेद्यशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः ३७.७ एवं २७.१ डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता ८० सुबह में एवं दोपहर में ६५ प्रतिशत, हवा की औसत गति ७.५ कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण ६.५ मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन ८.४ घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा ५ से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में ३०.५ एवं दोपहर में ३६.० डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(१५-१९ जून,२०१६)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, पूसा,समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी १५-१९ जून, २०१६ तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः-

- पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार में मध्यम बादल छाये रह सकते हैं। हलाकि इस अवधि में मौसम के आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। उत्तर बिहार के तराई जिलों में कहीं-कहीं तथा मैदानी जिलों के १-२ स्थानों पर इस दौरान गरज वाले बादल बनने के साथ तेज हवा एवं बुंदा-बुंदी या हल्की वर्षा हो सकती है।
- अधिकतम तापमान ३६ से ३९ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान २५ से २७ डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।
- पूर्वानुमानित अवधि में औसतन ८ से १० कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा रहने का अनुमान है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में ७० से ७५ प्रतिशत तथा दोपहर में ३५ से ४० प्रतिशत रहने की संभावना है।

समसामयिक सुझाव

- मौसम के आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए किसान भाई तैयार मक्का की कटनी एवं दौनी का काम करें। पूर्वानुमानित अवधि में १-२ स्थानों पर बुंदा-बुंदी या हल्की वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषक भाईयों को थोड़ा सर्तक रहने की भी आवश्यकता है।
- लम्बी अवधि वाले धान के बिचड़ो को बीजस्थली में गिराने का काम सम्पन्न करें। मध्यम अवधि के धान के किस्मों को बीजस्थली में गिराने का काम करें। इसके लिए संतोष, सीता, सरोज, राजश्री, प्रभात, राजेन्द्र सुवासनी, राजेन्द्र कस्तुरी, राजेन्द्र भगवती, कामिनी, सुगंधा किस्में अनुशंसित है। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई हेतु ८००-१००० बर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिरावें। नर्सरी में क्यारी की चौराई १.२५-१.५ मीटर तथा लम्बाई सुविधा अनुसार रखें। बीज को गिराने से पहले बविस्टिन २.० ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से बीजोपचार करें।
- खरीफ प्याज की नर्सरी (बीजस्थली) गिरावें। छोटी-छोटी उथली क्यारियों,जिसकी चौड़ाई एक मीटर एवं लम्बाई सुविधानुसार रखें। बीज को पंक्तियों में गिरावें। नर्सरी में जल निकास की व्यवस्था रखें। एन०-५३, एग्रीफाउण्ड डाक रेड, अर्का कल्याण, भीमा सुपर खरीफ प्याज के लिए अनुशंसित किस्में है। बीज गिराने के पूर्व बीज को केप्टन या थीरम@ २ ग्राम प्रति किलो बीज की दर से मिलाकर बीजोपचार कर लें। बीज की दर ८-१० कि०ग्रा० प्रति हेक्टेयर रखें। बीज प्रमाणित स्त्रोत से खरीदकर ही लगावें।
- खरीफ मक्का की अनुशंसित किस्में जैसे सुआन, देवकी, शक्तिमान-१, शक्तिमान-२, राजेन्द्र संकर मक्का-३, गंगा-११ की बुआई करें। बुआई के समय प्रति हेक्टेयर ३० किलो नेत्रजन, ६० किलो स्फुर एवं ५० किलो पोटाश का व्यवहार करें। प्रति किग्रा० बीज को २.५ ग्राम थीरम द्वारा उपचारित कर बुआई करें। बीज दर २० कि०ग्रा० प्रति हेक्टेयर रखें। बुआई पूर्व खेत में प्रर्याप्त नमी की जाँच कर लें।
- ओल की रोपाई अतिशीघ्र संपन्न करें। रोपाई के लिए *गजेन्द्र* किस्म अनुशंसित है। प्रत्येक ०.५ किलोग्राम के कन्द की रोपनी के लिए दूरी 75x75 से० मी० रखें। विगत माह में बोयी गई ओल की फसल के समुचित विकास के लिए आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।
- हल्दी की राजेन्द्र सोनिया,राजेन्द्र सोनाली किस्में एवं अदरक की मरान एवं नदिया किस्में की बुआई करें। बीज को उपचारित करने के बाद बुआई करे।
- मूंग, उरद की तैयार फलियों की तुड़ाई कर ले तथा हरी खाद हेतु उसके पौधों को मिट्टी पलटने वाले हल से जमीन में पलट दें।
- गरमा सब्जियों जैसे भिन्डी, नेनुआ, करैला, लौकी (कद्दू), और खीरा की फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई एवं निकाई-गुड़ाई करें। कीट-व्याधियों से फसल की बराबर निगरानी करते रहें। प्रकोप दिखने पर अनुशंसित दवा का छिड़काव करें।
- पशुओं को दिन में छायादार सुरक्षित स्थानो पर रखे तथा अधिक मात्रा में स्वच्छ पानी पिलायें। दूधारु पशुओं के खाने में प्रोटीन की मात्रा बढ़ा दें तथा नियमित रुप से दाने के साथ कैल्सियम भी खिलायें। इनके प्रमुख रोग एन्थ्रेक्स, ब्लैक क्वार्टर (डकहा) एवं एच०एस० (गलघोंटू) से बचाव के लिए टीके लगावें।

आज का अधिकतम तापमानः ३८.० डिग्री सेल्सियस, सामान्य से १.६ डिग्री सेल्सियस अधिक	आज का न्यूनतम तापमानः २५.७ डिग्री सेल्सियस, सामान्य के बराबर

नोडल पदाधिकारी